भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1054

28 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में कैंसर देखरेख अवसंरचना

1054. श्री बी. पार्थसारधी रेड्डी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में कैंसर के मामलों के बढ़ते बोझ का आकलन किया है;

(ख) क्षेत्रीय कैंसर केंद्रों और सरकारी कैंसर उपचार सुविधाओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार तेलंगाना राज्य के विशेष संदर्भ सहित देश के अल्पसेवित जिलों में अतिरिक्त कैंसर उपचार केंद्र स्थापित करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) – राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम (एनसीआरपी) ने पिछले पाँच वर्षों (2021–2025) के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित कैंसर व्याप्तताओं का विवरण उपलब्ध कराया है, जो **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

(ख) से (घ): क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी) को पहले पूर्व में राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम (एनसीसीपी) के अंतर्गत सहयोग दिया जाता था। तथापि, यह योजना अब परिचालित नहीं है। वर्तमान में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत 'विशिष्ट परिचर्या कैंसर सुविधा केंद्रों का सुदृढ़ीकरण' योजना लागू कर रहा है। योजना के अंतर्गत, सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज/अस्पताल या पूर्व क्षेत्रीय कैंसर केंद्र में राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) की स्थापना के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को सहयोग प्रदान किया जाता है। अब तक, देश में 39 संस्थानों (19 एससीआई और 20 टीसीसीसी) को स्वीकृति दी जा चुकी है, जिनमें

तेलंगाना में राज्य कैंसर संस्थान के रूप में एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी और आरसीसी, हैदराबाद भी शामिल है। इन संस्थानों का विवरण **अनुलग्नक-II** पर है।

इसके अतिरिक्त, देश भर में जिला अस्पताल स्तर पर कैंसर परिचर्या की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए 524 डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) कार्यशील हैं, जिनमें से, तेलंगाना के अल्पसेवित जिलों सहित 34 डीसीसीसी कार्यशील हैं।

अनुलग्नक –I

भारत में विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के अनुसार कैंसर के अनुमानित मामलों की संख्या - सभी स्थान - (2021-2025) – स्त्री-पुरुष दोनों					
राज्य	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**	**2025**
जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र	13060	13395	13744	14112	14493
लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र	294	302	309	318	326
हिमाचल प्रदेश	8978	9164	9373	9566	9761
पंजाब	39521	40435	41337	42288	43196
चंडीगढ़	1053	1088	1120	1152	1183
उत्तराखंड	11779	12065	12348	12642	12947
हरियाणा	30015	30851	31679	32513	33395
दिल्ली	25969	26735	27561	28387	29238
राजस्थान	72825	74725	76655	78604	80628
उत्तर प्रदेश	206088	210958	215931	221000	226125
बिहार	106435	109274	112180	115123	118136
सिक्किम	465	496	525	561	590
अरुणाचल प्रदेश	1064	1087	1125	1143	1176
नागालैंड	1805	1854	1890	1935	1992
मणिपुर	2022	2097	2169	2250	2315
मिजोरम	1919	1985	2063	2114	2189
त्रिपुरा	2623	2715	2790	2871	2930
मेघालय	2943	3025	3099	3168	3245
असम	38834	39787	40721	41713	42694
पश्चिम बंगाल	110972	113581	116230	118910	121639
झारखंड	34910	35860	36840	37824	38819
ओडिशा	51829	52960	54136	55335	56514
छत्तीसगढ़	28529	29253	30014	30763	31553
मध्य प्रदेश	79871	81901	84029	86124	88297
गुजरात	71507	73382	75290	77205	79217
दमन	135	150	161	173	188
दादरा और नगर हवेली	219	238	252	268	291
महाराष्ट्र	118906	121717	124584	127512	130465
तेलंगाना	48775	49983	51145	52334	53565
आंध्र प्रदेश	71970	73536	75086	76708	78282
कर्नाटक	88126	90349	92560	94832	97130
गोवा	1652	1700	1735	1783	1817
लक्षद्वीप	28	28	31	32	33
केरल	58139	59143	60162	61175	62179
तमिलनाडु	91184	93536	95944	98386	100937
पुदुच्चेरी	1623	1679	1753	1823	1892
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	380	393	401	408	416
कुल	**1426447**	**1461427**	**1496972**	**1533055**	**1569793**

क्र.सं.	राज्य	संस्थान का नाम	संस्थान के प्रकार (टीसीसीसी/एससीआई)
1	**आंध्र प्रदेश**	कुरनूल मेडिकल कॉलेज, कुरनूल	एससीआई
2	**असम**	गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, गुवाहाटी	एससीआई
3	**बिहार**	इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पटना	एससीआई
4	**छत्तीसगढ़**	छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, बिलासपुर	एससीआई
5	**दिल्ली**	लोक नायक अस्पताल	टीसीसीसी
6	**गोवा**	गोवा मेडिकल कॉलेज, पणजी	टीसीसीसी
7	**गुजरात**	गुजरात कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद	एससीआई
8	**हरियाणा**	सिविल अस्पताल, अंबाला कैंट	टीसीसीसी
9	**हिमाचल प्रदेश**	इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, शिमला	टीसीसीसी
10		श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज, मंडी	टीसीसीसी
11	**जम्मू और कश्मीर**	शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, श्रीनगर	एससीआई
12		सरकारी मेडिकल कॉलेज, जम्मू	एससीआई
13	**झारखण्ड**	राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रांची	एससीआई
14	**कर्नाटक**	किडवाई मेमोरियल इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी (आरसीसी), बेंगलुरु	एससीआई
15		मंड्या इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, मंड्या	टीसीसीसी
16	**केरल**	सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोझिकोड	टीसीसीसी
17		क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, तिरुवनंतपुरम	एससीआई
18	**मध्य प्रदेश**	नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर	एससीआई
19		जी.आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर	टीसीसीसी
20	**महाराष्ट्र**	राष्ट्रसंत तुकड़ोजी क्षेत्रीय कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र, नागपुर	टीसीसीसी
21		सरकारी मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद	एससीआई
22		विवेकानंद फाउंडेशन और अनुसंधान केंद्र, लातूर	टीसीसीसी
23	**मिज़ोरम**	सिविल अस्पताल, आइज़ोल	टीसीसीसी
24	**नागालैंड**	जिला अस्पताल, कोहिमा	टीसीसीसी
25	**ओडिशा**	आचार्य हरीहर क्षेत्रीय कैंसर केंद्र, कटक	एससीआई
26	**पंजाब**	सरकारी मेडिकल कॉलेज, अमृतसर	एससीआई
27		सिविल अस्पताल, फज़िलका	टीसीसीसी
28	**राजस्थान**	एस पी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर	टीसीसीसी
29		एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर	एससीआई
30		झालावाड़ मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, झालावाड़	टीसीसीसी
31	सिक्किम	सिक्किम के गंगटोक के पास सोचीगैंग (सिचेय) में बहु-विशेषज्ञता अस्पताल	टीसीसीसी
32	**तमिलनाडु**	कैंसर संस्थान (आरसीसी), अड्यार, चेन्नई	एससीआई
33	**तेलंगाना**	एमएनजे इंस्टीट्यूट ऑफ ऑन्कोलॉजी और आरसीसी, हैदराबाद	एससीआई
34	**त्रिपुरा**	कैंसर अस्पताल (आरसीसी), अगरतला	एससीआई
35	**उत्तराखंड**	सरकारी मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी	एससीआई
36	**उत्तर प्रदेश**	संजय गांधी स्नातकोत्तर चिकित्सा विज्ञान संस्थान, लखनऊ	टीसीसीसी
37	**पश्चिम बंगाल**	सरकारी मेडिकल कॉलेज, बर्दवान	टीसीसीसी
38		मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, बहरमपुर, मुर्शिदाबाद	टीसीसीसी
39		सागर दत्त मेमोरियल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोलकाता	टीसीसीसी

******